हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

वर्ष : 01 अंक—192 : जौनपुर, सोमवार 03 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## निराश्रित गोवंशों के आश्रय व भरण—पोषण का होगा प्रबंध —मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन व संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश का संरक्षण करते हुए उनके चारे—भूसे के लिए भी आवश्यक प्रबंध किया गया है। वर्तमान में संचालित 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थलों में 11 लाख 33 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। बीते 20 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के तहत 1. 23 लाख गोवंश संरक्षित किए गए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश निराश्रित न हो। जिला संभल, मथुरा, मीरजापुर, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और फर्रुखाबाद में सर्वाधिक गोवंश संरक्षित किए गए हैं। गोवंश संरक्षण के लिए जारी नियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी प्रकार निराश्रित गोवंश का बेहतर प्रबंधन किया जाए। सभी प्रकार के निराश्रित गोवंश स्थलों को चारा—भूसा व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि सीधे गो—आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराई जाए। डीबीटी प्रणाली उपयोग में लाएं। हर माह की 25 से 30 तारीख तक गोवंश का सत्यापन करते हुए विकास खंड स्तर पर पशुपालक अधिकारी और एडीओ पंचायत व बीडीओ द्वारा रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। इसके बाद, अगले माह की 05 तारीख तक मुख्य पशुपालन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाए कि यह धनराशि गोवंश के लिए है, उसका सदुपयोग हो। गोवंश को केवल सूखा भूसा ही नहीं, हरा चारा भी दिया जाए। स्थानीय जनता का सहयोग लें। पैसा मिलते ही चोकर/भूसा खरीद का भुगतान कर दिया जाए। गोवंश संरक्षण के लिए प्रदेश में वृहद संरक्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह सुखद है कि अब तक 274 वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र क्रियाशील हो गए हैं। आगामी छह माह में शेष 75 वृहद गोवंश स्थल तैयार कर लिए जाएं। इससे आमजन को बड़ी सुविधा



मिलेगी। गोवंश संरक्षण स्थलों पर केयर टेकर तैनात किए जाएं। गायों को समय—समय पर घुमाने भी ले जाना चहिए। गोवंश की बीमारी और मृत्यु की दशा में यह केयर टेकर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभगिता योजना के आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 77 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत आमजन को सुपुर्द किए गए हैं। और कुपोषित बच्चों वाले परिवार को दूध की उपलब्धता के लिए पोषण मिशन के अंतर्गत 3,598 गोवंश दिए गए हैं। गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को छ900 प्रतिमाह की राशि हर महीने उपलब्ध करा दी जाए। इसमें कतई विलम्ब न हो। डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे परिवार को भेजी जाए। गोवंश सत्यापन के लिए स्थानीय स्तर पर उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी को नामित किया जाए। अंत्येष्टि स्थल और श्मशान घाट पर गोवंश उपला और गोइठा का उपयोग किया जाए मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि अंत्येष्टि स्थल और श्मशान घाट पर उपयोग की जाने वाली कुल लकड़ी में 50 प्रतिशत गोवंश उपला और गोइठा का उपयोग किया जाए। यह उपला और गोइठा निराश्रित गोवंश स्थल से उपलब्ध कराया जाएगा। गोइठा से होने वाली आय उस गोवंश स्थल के प्रबंधन में उपयोग हो सकेगी। सभी 17 नगर निगमों और नगर पालिका वाले जिला मुख्यालयों पर कैटल कैचर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रदेश की सहकारी दुग्ध समितियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों के दुग्ध का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए आम जनमानस को गुणवत्तायुक्त दूध और दूध उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। सतत समन्वित प्रयासों से प्रदेश में दुग्ध समितियों ने दुग्ध उत्पादन, संग्रह, विक्रय आदि में अभूतपूर्व कार्य किया है। इससे हमारे पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी हुई है। बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर जैसी संस्थाओं ने अनुकरणीय कार्य किया है। सभी जनपदों में दुग्ध समितियों के गठन को और विस्तार दिया जाए। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

## कायस्थ समाज ने प्रशासनिक अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के न्यू हुसैनाबाद कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के भदोही जनपद के रिटायर्ड होने पर एक सम्मान समारोह उनके हुसैनाबाद आवास पर संगत पंगत कायस्थ महासभा के लोगो ने किया ।इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया ।इस मौके पर काफी संख्या में कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे। अपने स्वागत से अभिभूत मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अब मैं भी समाज के सेवा के लिए समर्पित रहूंगा ।अभी तक अपनी सेवाओं से सरकार का साथ दिया अब अपने समाज का हित करने का अवसर मिला है ।इसका भी उसी प्रकार निर्वाहन करूंगा। उक्त अवशर पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कायस्थ महासभा संजय श्रीवास्तव एडवोकेट, कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव/



संगत संगत के प्रदेश सह संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रदेश सचिव उमेश श्रीवास्तव फूफा, प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, अजय कुमार वर्मा, शरद श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, पत्रकार संदीप श्रीवास्तव, कायस्थ एकता मंच के जिला अध्यक्ष दयाशंकर निगम ग्रामीण पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष संजय अस्थाना कायस्थ नेता संजीव श्रीवास्तव राजू, आदि चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

## रामनगरी से शुरू हुआ धार्मिक ग्रन्थों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मुहिम

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।मित्रमंच की तरफ से शुरू की गई विशेष मुहिम ।कचहरी में वकीलों व वादकारियो में बांटे गए पत्रक बांटा गया, वरिष्ठ भाजपा नेता व मित्रमंच के राष्ट्रीय प्रमुख शरद पाठक "बाबा" नें इस टीम के साथ मुहिम शुरू किया है। कचहरी परिसर में पत्रक बाँट कर अधिवक्ताओं व वादकारियों से समर्थन। मांगा है। इस समर्थन का बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने मांग की है। शरद पाठक बाबा ने अपनी बयान में श्री रामचरित मानस, रामायण और श्रीमद्भागवत गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग उठाई है। भारत देश जिसे देवभूमि कहा गया है, वहां इन ग्रंथों का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित न होना दुर्भाग्यपूर्ण है,विश्व के करोड़ों सनातनी हिंदुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त ग्रंथों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की आवश्यकता है। सभी सनातनी हिंदुओं से आग्रह और निवेदन, इन ग्रंथों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कराने के लिए अभियान में साथ दें, इस मांग को लेकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को पहले भी मांग पत्र भेज चुके हैं। अयोध्या नगर निगम से भाजपा से मेयर के टिकट की दावेदारी भी शरद पाठक बाबा कर चुके हैं।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली : किया जागरूक

जौनपुर सू.वि. : स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान, एवं निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के मैदान से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार श्री गिरीश चन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद उ.प्र. श्री बृजेश कुमार सिंह (प्रिंसू), मडियाहूं विधायक के प्रतिनिधि व डायट प्राचार्य डा0 राकेश सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने आये हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में नामांकन हेतु जागरुकता रैली व घर—घर सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है और अभिभावकों व बच्चों को जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिथियों के हाथो बच्चों को पुस्तक प्रदान किया गया। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खुशियों से खिल उठे। इस अवसर पर माननीय राज्यमंत्री श्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना है कि हर बच्चे को स्कूल/शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाय, इसके लिए आवश्यक है कि हर बच्चे का नामांकन स्कूल में हो, शिक्षक के साथ ही अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि वो बच्चों का नामांकन स्कूल में कराये और बच्चों को निरन्तर स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि अब लोगों में विश्वास जागा है कि परिषदीय विद्यालयों मे हमारा बच्चा अब बेहतर शिक्षा प्राप्त कर रहा है। विशिष्ट अतिथि श्री बृजेश सिंह (प्रिन्सू) ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों मे कायाकल्प से भौतिक वातावरण बहुत अच्छा हुआ है तथा प्रशिक्षित शिक्षक कड़ी मेहनत रुचि व लगन से बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं शैक्षणिक गुणवत्ता बहुत बेहतर होती जा रही है, इसलिए अभिभावक अपने बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन स्कूल में कराये। मडियाहूं विधायक जी के प्रतिनिधि महोदय ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों मे पिछले साल बहुत अच्छा कार्य हुआ, अब इस वर्ष और बेहतर करना है, विशेष रूप से जनप्रतिनिधि, प्रधान से मिलकर नामांकन के साथ साथ बच्चों की उपस्थिति पर बल दे। डायट प्राचार्य डा0 राकेश सिंह ने कहा कि पिछले सत्र मे नामांकन में जनपद



जौनपुर पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर था इस बार सभी की जिम्मेदारी बढ़ गई है कि और बेहतर करते हुए जनपद को प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें। अन्त में सभी का आभार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा किया गया। संचालन अजय मौर्य एस.आर.जी. द्वारा किया गया। तत्पश्चात माननीय मंत्री जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली में शिक्षक, शिक्षिका, बच्चों ने विभिन्न नारे लगाते हुए चल रहें थे, रैली नगर पालिका मैदान से, अलफ्स्टीनगंज, अटाला मस्जिद, शाही किला, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा होते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक गई। रैली में आगे—आगे घोड़े चल रहे थे इसके पीछे रथ तथा डी.जे. पर स्कूल चलो अभियान का गीत बज रहा था, एवं पीछे—पीछे कतार बद्ध बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की टोली गगनभेदी नारों के साथ चल रही थीं। पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियंत्रण एवं पब्लिक का सहयोग रहा। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह, डा. आर एन यादव, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला समन्वयक मोहम्मद रजा, अरुण मौर्य, सतेन्द्र गुप्ता, शशिधर उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अमित सिंह, यूटा अध्यक्ष संजय सिंह, पू. मा. शिक्षक संघ अध्यक्ष अतुल यादव, एस.आर.जी. डा. अखिलेश सिंह, डा. कमलेश यादव, राजू सिंह, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, प्रीति श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, व्यायाम शिक्षक रविचंद यादव, राकेश यादव, डा. संतोष तिवारी, समस्त ए.आर.पी., समस्त व्यायाम शिक्षक, विशेष शिक्षक आदि सहित प्रत्येक ब्लॉक से भारी संख्या में आए शिक्षक तथा शिक्षिकाओं, छात्र—छात्राएं समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संगठन के जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 11.68 लाख रू. गन्ना मूल्य कृषकों को किया गया भुगतान

जौनपुर सू.वि. : जिला गन्ना अधिकारी, जौनपुर श्री महेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 2022—23 जनपद के गन्ना किसानों द्वारा चीनी मिल मिझौड़ा अकबरपुर व चीनी मिल सठियांव को आपूर्ति किये गये गन्ने का उपरोक्त मिलों द्वारा 1168.89 लाख रू. गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। गन्ना किसानों को पारदर्शी पर्ची निर्गमन हेतु लागू की गई स्मार्ट गन्ना किसान (एस.जी.के.) योजना के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता दी गई है। वर्तमान पेराई सत्र 2022—23 में 150 नये गन्ना कृषक गन्ना समिति शाहगंज में ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कर गन्ने की खेती से जुड़े हैं व चीनी मिलां को गन्ना आपूर्ति कर रहे हैं। गन्ना खेती के क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए गन्ना विभाग द्वारा अनूठी योजना शुरू की गई है। इस योजना में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिंगल बड चिप व चिप विधि से गन्ने की पौध तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद में 401 महिलायें इस योजना से जुड़ी हैं। जो इस योजना के अन्तर्गत पौध की की बिक्री कर आय अर्जित कर रही हैं। गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने, उत्पादन लागत में कमी लाने एवं उच्च चीनी परतायुक्त गुणवत्तपूर्ण गन्ना उत्पादन के दृष्टिगत विभाग द्वारा गन्ना उत्पादन के प्रमुख पांच घटकों यथा—शरदकालीन गन्ना बुवाई, सहफसली खेती, ट्रेंच विधि से बुवाई, ड्रिप सिंचाई संयंत्रों की स्थापना, पेड़ी प्रबन्धन व ट्रैश मल्चिंग को सम्मिलित कर पंचामृत योजना लागू की गयी है जिससे किसानों की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि हुई तथा लागत में कमी आई है। ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने से गन्ने का जमाव व ब्यांत अधिक बनती है जिससे उपज बढ़ जाती है। ट्रेंच विधि से वर्ष 2022—23 में जनपद में 292 हेक्टेअर बुवाई की गई है। गन्ने के साथ आलू एवं लहसुन की सहफसली खेती करने से आलू एवं लहसुन की उपज के साथ ही गन्ने की पैदावार लगभग 10 प्रतिशत बढ़ जाती है। वर्ष 2022—23 में जनपद में 292 हेक्टेयर सहफसली खेती हुई। गन्ने की खेती में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य योजना को प्रदेश में लागू किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः रू. 51000, 31000 एवं 21000 की नकद धनराशि के साथ—साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। दिन—प्रतिदिन जल स्तर में हो रही कमी में सुधार हेतु भू—जल संचयन, उत्पादन एवं गन्ना उत्पादकता में वृद्धि के दृष्टिगत ड्रिप सिंचाई पद्धति के माध्यम से पौधों को सीधे जल उपलब्ध कराकर गुणवत्तयुक्त उत्पादन के साथ—साथ जल व ऊर्जा की बचत भी होती है। ड्रिप सिंचाई योजनान्तर्गत वर्ष 2022—23 में 383 हेक्टेअर का लक्ष्य प्राप्त है जिसकी पूर्ति उद्यान विभाग के सहयोग से की जा रही है। पेड़ी की पैदावार लेने से पौधे गन्ने की तुलना में 20 से 22 प्रतिशत कम लागत आती है। वर्ष 2022—23 में लक्ष्य के अनुसार 150 हेक्टेअर में पेड़ी प्रबन्धन कार्य सम्पन्न हुआ है। जैव उर्वरकों के प्रयोग से मृदा में अघुलनशील फासफोरस घुलनशील अवस्था में बदल जाती है जिसका प्रयोग पौधे आसानी से कर लेते हैं। किसानों द्वारा गन्ने की कटाई उपरान्त अवशेष की मल्चिंग कर दी जाती है जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों की पूर्ति होती है तथा उर्वरा शक्ति बढ़ती है, साथ ही साथ नमी संरक्षण से सिंचाई जल की बचत होती है। गन्ना विकास विभाग गन्ना कृषकां को कुशल मार्गदर्शन, उत्तम तकनीकी प्रशिक्षण व निरन्तर मॉनिटरिंग के द्वारा कृषकों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

## अयोध्या राम मंदिर की आज से पड़ेगी छत

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। रामलला के भव्य मन्दिर पर छत डालने का काम सोमवार से शुरू कर दिया जाएगा वहीं रामलला की अचल मूर्ति बनाये जाने की भी तैयारी पूरी हो चुकी है। 8 अप्रैल को 5 वर्षीय भगवान रामलला की खड़ी मूर्ति के स्वरूप और जिन पत्थरों से मूर्ति निर्मित होनी है उस पर निर्णय लिया जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति की तरफ से दावा किया गया है कि 31 मार्च तक गर्भगृह सहित मंडपों को तैयार करने के लिए दीवारों और पीलर को खड़ा करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब उस पर छत लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। 5 वर्षीय भगवान रामलला की खड़ी मूर्ति होगी। बालस्वरूप रामलला के हाथ में तीर धनुष भी होगा। रामलला के चित्र को देश के मशहूर चित्रकार तैयार कर रहे हैं। आगामी 8 अप्रैल को रामलला की मूर्ति कैसे होगी और किन पत्थरों में रामलला दिखाई देंगे, इसका निर्णय लिया जाएगा।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें—तथा हमारें यू—ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

—संपादक

## मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की बैठक संपन्न



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में रविवार को मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की एक बैठक नीलम जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक की जानकारी देते हुए श्रीमती जैन ने बताया कि मंच द्वारा हर दो वर्ष पर चुनाव कराया जाता है ।चुनाव बैठक में मंच के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से शाखा कोषाध्यक्ष के पद पर रही नीतू गर्ग को मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सरिता अग्रवाल को मंत्री एवं पुष्पा अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इनके चुने जाने पर महिला मंडल की सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए गोण्डा शाखा की विस्तार के करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान सविता गोयल ,रीता काबरा, सरिता महेश्वरी,, गायत्री महेश्वरी, अनीता नहारिया, संगीता अग्रवाल, अनामिका बंसल, प्रेमलता सिंघल, सुधा अग्रवाल,अनु अग्रवाल, संगीता भावसिंहका, ज्योति शर्मा, नम्रता गर्ग, रेनू नेवटिया, अंशु पचेरिया , विकास जैन, मुकेश नहारिया,अमित गर्ग, शैलेन्द्र गोयल,सचिन खेमका,अमित पचेरिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रही।

## बाल सदन मोती नगर में अंतरजनपदीय जूडो प्रतियोगिता आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बाल सदन मोतीनगर में अंतर्जनपदीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ जनपद के 6 जूडो क्लबों से 150 से अधिक बालक— बालिकाओं व तकनीकी अधिकारियों ने मिनी, सब जूनियर व जूनियर वर्ग के जूडो



मुकाबलों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया, विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड रेफरी व सातवीं ब्लैक बेल्ट मुनव्वर अंजर, विशेष अतिथि जापानी जूडो कोच सोना नगाओ रहे। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय प्रकाश ने सभी अतिथियों व तकनीकी अधिकारियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय रेफरी जूडो उमेश सिंह ने किया। घनश्याम मौर्य आयोजन सचिव ने सभी खिलाड़ियों का तकनीकी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। राजेंद्र शर्मा टेक्निकल ऑफिशियल भी उपस्थित रहे।

## अनामिका यादव उ0प्र0 महिला कांग्रेस ( मध्य जोन ) प्रदेश सचिव मनोनीत



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के अनुमोदनोपरांत अनामिका यादव को उ0प्र0 महिला कांग्रेस ( मध्य जोन ) के अन्तर्गत प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। अनामिका यादव के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रज्ञा सिंह, डॉ0 रिचा शर्मा, सहित उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस (मध्य जोन) की पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

—सुविचार—

**हार को जीत में बदलना हो तो अपनी इच्छा को प्रभु इच्छा में मिला दो।**

—साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बन सकता है इंसानों के लिए खतरा?

स्टोन, आयरन, ब्रॉन्ज और न्यूक्लियर एज से होते हुए अब हम सिलिकॉन युग में कदम रख चुके हैं। डाटा और कंप्यूटिंग ने नए विश्व की रूपरेखा को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सूचना क्रांति के इस दौर में इंफोर्मेशन सबसे बड़ी चीज बनकर उभरी है। अब हम एक नए युग में प्रवेश करने जा रहे हैं। ये युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। एआई आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि से लेकर स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में कई नए संभावनाओं को लेकर खड़ा है। इसी पर माइक्रोसॉफ्ट के को–फाउंडर बिल गेट्स ने अपने पर्सनल ब्लॉग गेट्स नोट्स पर विस्तार पूर्ण चर्चा की है। मैंने अपने जीवन काल में तकनीक के क्षेत्र में दो सबसे बड़ी घटनाएं देखी, जिन्होंने मुझे क्रांतिकारी ढंग से प्रभावित किया। साल 1980 में मैं पहली बार ग्राफिकल यूजर इंटरफेस से रूबरू हुआ, जिसका इस्तेमाल आज विंडोज समेत सभी ऑपरेटिंग सिस्टम में किया जा रहा है। और दूसरी सबसे बड़ी घटना पिछले साल की थी। मैं 2016 से ओपन एआई की टीम से नियमित तौर पर मिलता रहा हूं। इस दौरान आर्टिफिशियल इंटलिजेंस के क्षेत्र में उनके काम काफी शानदार थे। मैं उनके काम से काफी खुश और उत्साहित था। पिछले साल 2022 के मध्य में मैंने उन्हें एक खास तरह की चुनौती दी। मैंने उनसे कहा – " एडवांस्ड प्लेसमेंट बायोलॉजी परीक्षा पास करने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ट्रेन करें। उसे ऐसे प्रश्नों के जवाब देने में सक्षम बनाएं जिनके लिए उसे विशेष रूप से ट्रेन नहीं किया गया है।" अगर आप ऐसा करते हैं तो ये आपके लिए काफी बड़ी सफलता होगी। मुझे लगा कि यह चुनौती इस टीम को दो से तीन सालों के लिए व्यस्त रखेगी। हालांकि, ओपन एआई की टीम ने इस चैलेंज को महज कुछ महीनों में ही पूरा कर लिया। सितंबर, 2022 में मैं जब टीम से दोबारा मिला, तो मैंने देखा कि उनके जीपीटी नामक एआई मॉडल ने एडवांस्ड प्लेसमेंट बायोलॉजी परीक्षा के 60 मल्टीपल चॉयस सवालों के 59 सही जवाब दिए थे। इस तरह के टेस्ट पास करने के बाद हमने जीपीटी एआई मॉडल से विज्ञान से जरा हटके सवाल पूछे जैसे – "तुम एक बीमार बच्चे के पिता से क्या कहोगे?" इस सवाल पर जीपीटी एआई मॉडल ने ऐसा उत्तर दिया, जो कि वहां पर उपस्थित हम सभी लोगों के उत्तरों में सबसे बेहतर था। ये पूरा अनुभव मेरे लिए काफी शानदार था। मुझे पता था कि ग्राफिकल यूजर इंटरफेस आने के बाद तकनीक के क्षेत्र में ये दूसरी सबसे बड़ी क्रांति है। इसने मुझे उन सभी चीजों के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया, जो कि एआई अगले 5 से 10 सालों में करने वाला है? आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे काम करने के तरीकों यात्रा, स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर बातचीत करने के ढंग को पूरी तरह से बदल के रख देगा। समूचे उद्योग इसी के इर्द–गिर्द घूमेंगे। एआई दुनिया में व्याप्त असमानताओं को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानताओं को करेगा दूर इस समय स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे ज्यादा असमानता है। हर साल 5 साल से कम उम्र में मरने वाले बच्चों की संख्या 5 मिलियन है। इनमें से ज्यादातर बच्चे गरीब देशों में पैदा होते हैं जो कि डायरिया या मलेरिया रोग के कारण मरते हैं। गौर करने वाली बात है कि इन बीमारियों का आसानी से इलाज किया जा सकता है। हालांकि, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की गैर–मौजूदगी में ऐसा हो नहीं पाता। इस क्षेत्र में एआई का इस्तेमाल करके दुनिया भर में लाखों बच्चों की जान बचाई जा सकती है। गरीब देशों में स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हैं। स्थिति ऐसी है कि यहां पर रह रहे लोगों को डॉक्टरों से मिलने का मौका तक नहीं मिलता। ऐसे में इन क्षेत्रों में रहने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों को ज्यादा प्रोडक्टिव बनाने के लिए एआई को इस्तेमाल में लाया जा सकता है। किसी प्रकार की बीमारी होने पर उससे कैसे निपटा जा सकता है? एआई मॉडल इस बारे में अच्छी सलाह दे सकते हैं। इसके अलावा व्यक्ति के बीमार होने पर वह यह भी बताएगा कि उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की जरूरत है या नहीं। इससे लोगों को बीमारी के समय निर्णय लेने में काफी मदद मिलेगी। एआई मॉडलों को गरीब देशों में अमीर देशों की तुलना में अलग ढंग से ट्रेन्ड (प्रशिक्षित) किए जाने की जरूरत होगी। गरीब देशों में इन्हें अलग–अलग भाषाओं बीमारियों और चुनौतियों के साथ काम करना सीखाना होगा। बायोलॉजी के क्षेत्र में डाटा के बड़े स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को प्रशिक्षित करके नए पैथोजन्स, ड्रग्स, वैक्सीन्स और दवाओं की खोज की जा सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मेडिकल और दूसरे क्षेत्रों में उपयोग में लाने से पहले ध्यानपूर्वक इनकी टेस्टिंग की जानी चाहिए। इसके अलावा एआई रेगुलेशन पर भी काम किए जाने की जरूरत है। अन्यथा इसके काफी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। मेडिकल और बाकी दूसरे क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को काफी सावधानी पूर्ण ढंग से रेगुलेट करना होगा। स्वास्थ्य के साथ–साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बहुत बड़ा उपयोग कृषि क्षेत्र में है। इसके उपयोग से कृषि उपज में शानदार ढंग से वृद्धि लाई जा सकती है। एआई टूल्स खास जगह की सॉइल टेस्टिंग और मौसम चक्र का अंदाजा लगाकर किसानों को बता सकते हैं कि वहां पर कौन सी फसल को उगाना फायदेमंद रहेगा? इससे आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को काफी फायदा पहुंचेगा। शिक्षा के क्षेत्र में आएगी क्रांति कंप्यूटर ने शिक्षा के क्षेत्र में वह क्रांतिकारी बदलाव नहीं लाया, जिसके बारे में हमने सोचा था। इंटरनेट की दुनिया में विकिपीडिया और कई एजुकेशनल गेम्स ने अच्छे बदलाव जरूर लाए। हालांकि, इनका कोई असरदायक प्रभाव किसी छात्र की उपलब्धियों पर नहीं पड़ा। मुझे लगता है कि आने वाले 5 से 10 सालों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस छात्रों की शिक्षा और उनके सीखने समझने के तरीकों को क्रांतिकारी ढंग से बदल के रख देगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गूगल की तरह ही आपकी रुचियों का विश्लेषण करेगा। आप कैसे, क्या और किस तरह से पढ़ना चाहते हैं उसको जानेगा। उसी के आधार पर वह आपको पढ़ने लायक कंटेंट प्रस्तुत करेगा। उसे पता होगा आपको कंटेंट के साथ कैसे इंगेज रखना है। यह आपकी समझ का मापदंडन करेगा। इसे अगर लगता है कि आपका ध्यान भटक रहा है। उसी समय आपको आपकी इच्छा के अनुरूप प्रेरणा भी देगा। छात्रों की करियर प्लानिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकता है। तकनीक भले ही कितनी भी अच्छी हो जाए लेकिन सीखने की चाह शिक्षक और छात्रों के अच्छे संबंधों पर टिकी होती है। इस कारण एआई टूल्स कभी शिक्षक की जगह नहीं ले पाएंगे बल्कि शिक्षक और छात्रों के बीच सीखने और सीखाने की प्रक्रिया को पहले के मुकाबले काफी बेहतर बना देंगे। स्वास्थ्य के साथ–साथ शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त असमानता को दूर करने में एआई मील का पत्थर साबित हो सकता है। सामाजिक और आर्थिक स्तर पर कमजोर छात्रों तक बेहतर शिक्षा पहुंचाने के लिए एआई को इस्तेमाल में लाया जा सकता है।क्या है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ एक ऐसे मॉडल से है, जो किसी विशिष्ट समस्या का हल निकाल सकता है। उदाहरण के लिए चौट जीपीटी को ले लीजिए यह एआई मॉडल चौट को कैसे बेहतर किया जा सकता है? उसको सीख रहा है। हालांकि, ये चौट करने के अलावा कोई दूसरा कार्य नहीं सीख सकता। वहीं इसके विपरीत अगर बात आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस की करें तो यह किसी भी इंटलेक्चुअल टास्क को सीख सकता है। गौरतलब बात है कि आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस को विकसित करने में अभी सफलता नहीं मिली है। कंप्यूटिंग की दुनिया में आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस को लेकर जबरदस्त डिबेट चल रही है कि इसे कैसे बनाया जा सकता है? प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण दशकों से सवाल था कि क्या कैलकुलेशन करने के अलावा कंप्यूटर किसी चीज को इंसानों से बेहतर कर सकेंगे। अब मशीन लर्निंग और बड़ी कंप्यूटेशनल पावर आने से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वास्तविकता बन गए हैं और ये आने वाले समय में काफी तेजी से बेहतर होंगे। माइक्रोसॉफ्ट ने तो चौट जीपीटी को अपना को–पायलट तक बता दिया है। अगर चौटजीपीटी जैसे प्रोडक्ट को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में शामिल किया जाता है। ऐसे में आपके इनबॉक्स को मैनेज करने से लेकर मेल लिखने तक सभी कामों को यह एआई मॉडल आसानी से हैंडल कर सकेगा। इससे आपके काम काफी आसान बन जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में जिस तेजी से विकास हो रहा है। ऐसे में वह समय दूर नहीं, जब पर्सनल डिजिटल असिस्टेंट जैसी चीजें भी अस्तित्व में होंगी। ये पर्सनल डिजिटल असिस्टेंट आपके लेटेस्ट ईमेल चेक करेंगे, कहां किस से और कब मीटिंग करनी है क्या आपको पढ़ना है, क्या खाना है? इन सभी चीजों को मैनेज करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उससे जुड़ी चिंताएं संदर्भों को समझने में दिक्कत आपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मौजूदा मॉडल्स से जुड़ी समस्याओं की खबरें पढ़ी होंगी। उदाहरण के तौर पर मौजूदा एआई मॉडल्स इंसानी सवालों के संदर्भ को समझने में उतने अच्छे नहीं है। इस कारण कई बार इनके द्वारा दिए गए उत्तर काफी अजीब होते हैं। अगर आप एआई मॉडल से किसी कहानी को लिखने के लिए कहेंगे, तो वह उसे आसानी से लिख देगा। वहीं जब आप अपनी किसी ट्रिप के बारे में कोई सलाह मांगते हैं तो ये ऐसे होटलों का सुझाव आपको देता है, जो वास्तविकता में हैं ही नहीं। आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस का खतरा एक संभावना यह भी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाएं। अगर किसी मशीन को लगता है कि उसके उद्देश्य इंसानों के उद्देश्यों से अलग है या इंसान हमारे लिए खतरा हैं तो ऐसे में क्या होगा? अगर मशीनें हमारी परवाह करना छोड़ दे फिर? ऐसे कई सवाल है जो समय के साथ–साथ गहरे होते जाएंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## विधायक ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आगामी 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण का शुभारंभ विधायक(सवायजपुर) माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' ने पाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर औपचारिक शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विधायक ने सभी को इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिये शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सीएम योगी जी के अति प्रमुख कार्यक्रमों में से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान है तथा मुख्य नारा है–यूपी ने ठाना है संचारी रोग को हराना है। साथ ही विधायक जी ने बताया कि पाली कस्बे में जल्द ही हेल्थ एटीएम मशीन लगेगी।इसके लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा जा चुका है।इस मशीन से लगभग प्रतिदिन 100 जाँचे होंगी,जांच रिपोर्ट मरीज को तुरंत उपलब्ध होगी। और उन्होंने बताया कि प्रदेश में नई सीएचसी बनेंगी जिनमें पाली भी शामिल है। जल्द से जल्द पाली क्षेत्र के लोगों को सीएचसी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पीएचसी प्रभारी डॉ आनन्द



शुक्ला ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके अंतर्गत 17 से 30 अप्रैल तक घर–घर दस्तक अभियान चलेगा। इस अभियान में आशाएं घर–घर जाकर डेंगू,मलेरिया आदि से बचाव के लिए एवं मच्छरों को दूर रखने के उपायों के बारे में बतायेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित,विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी,मंडल अध्यक्ष शिवम तिवारी,भाजपा जिला प्रतिनिधि कुलदीप मिश्रा, रामू अग्निहोत्री,आशुतोष मिश्रा, दिलीप दीक्षित, संदीप मिश्रा, अमित गुप्ता,शिवदेव बाजपेयी, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त होने पर उपनिरीक्षक को पुलिस कर्मियों ने दी भावभीनी विदाई

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) उपनिरीक्षक राकेश शुक्ला के सेवानिवृत्त होने पर रविवार दोपहर थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को फूल माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान शाहाबाद क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय ने उपनिरीक्षक राकेश शुक्ला को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि उपनिरीक्षक राकेश शुक्ला ने कर्तव्य का पूरी निष्ठा व लगन से निर्वहन किया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एस आई राकेश शुक्ला अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा गंभीरता दिखाई। श्री शुक्ला भर्राते हुए गले से बोले कि बड़ा तकलीफ देता है अपनों से दूर होना,इतना कहते हुए उनकी आँखों में आँसू आ गये। वहाँ माहौल एकदम शांत हो गया,वहीं खड़े पुलिस



कर्मी अपनी आँखों के आंशू पोंछते नजर आये। इस मौके पर शाहाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा, एसआई श्रीपति मौर्य, विजय नारायण शुक्ला,कांस्टेबल गुंजन गिल,बृज किशोर,जयपाल,अमित आदि पुलिस कर्मियों के अलावा पत्रकार, व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज लखनऊ में आयोजित हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन समारोह कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ के रजत डिग्री कॉलेज, रजत वोमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट एवं रजत कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर (27 मार्च से 02 अप्रैल) के अंतर्गत आज दिनांक 03 अप्रैल 2023 को समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. आर. जे. सिंह जी और वाइस चेयरमैन/प्रबंध निदेशिका श्रीमती पुष्पलता सिंह जी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने देश रंगीला ,मां तुझे सलाम आदि जैसे देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा साइबर क्राइम विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें



उन्होंने बताया कि आज के परिप्रेक्ष्य में साइबर क्राइम बहुत बढ़ गया है इसलिए इससे बचाव कैसे किया जाए इस पर जागरूक रहना चाहिए। अंत में रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की वाइस चेयरमैन एवं चेयरमैन सर ने स्वयं सेविकाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाया।

## अखण्ड मानस पाठ के साथ शुरू हुआ सत्रारम्भ

जौनपुर सू.वि. : नगज के प्रतिष्ठित राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में नए सत्र के अवसर पर राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया, दूसरे दिन समापन अवसर पर हवन व प्रसाद वितरण किया गया। नव सत्र के अवसर पर स्कूल आये छात्र/छात्राओं को पुष्प वर्षा कर मिष्ठान वितरण के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर नव चयनित प्रबन्ध कमेटी का भी विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। डॉ शंभूराम जी प्राचार्य राज डिग्री कॉलेज की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में अध्यक्ष राजा अवनींद्र दत्त, उपाध्यक्ष लाल चंद्र चौबे, प्रबन्धक सत्य राम प्रजापति,उप प्रबन्धक जियाराम यादव, कोषाध्यक्ष डॉ अखिलेश्वर शुक्ल, सदस्यगण अजित सिंह, राम सूरत यादव, मन्नू धोबी, जनार्दन प्रसाद मिश्र, निशात परवीन, मायानंद उपाध्याय, राजन दुबे का माल्यर्पण व अंग वस्त्रम देकर स्वागत किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ शंभूराम ने कहा कि अध्यापक राष्ट्र निर्माता है वह अपना सर्वत्र देकर छात्रों के उज्जवल भविष्य बनाने के लिए तत्पर रहता है, उसको भी अपने चरित्र को पतन से बचाना



चाहिए, अध्यापक विधार्थियो का आदर्श होता है। प्रबन्धक डॉ सत्य राम प्रजापति ने कहा कि नई शिक्षा नीति विधार्थियो के लिए हितकर है,बच्चो को चाहिए कि वह कठिन।परिश्रम कर , अपनी मंजिल को हासिल करें। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के डॉ अशोक तिवारी, डॉ अशोक मिश्र, डॉ प्रेम चंद,डॉ रमेश चंद्र , संजय सिंह, श्रीमती बिंदु सिंह, रंजना चौरसिया, सत्य प्रकाश सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश श्रीवस्तब सहित विद्यालय परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन प्रधानाचार्य डॉ संजय चौबे व संचालन विनय कुमार ओझा ने किया।

## श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ में सम सेमेस्टर की कक्षाएं 5 अप्रैल से शुरु

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ की प्राचार्या प्रो० मीता साह ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महाविद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के सम सेमेस्टरों की कक्षाएं दिनांक 05.04.2023 से प्रारम्भ होंगी। जबकि बी०बी०ए० (आई०बी०) व बी०कॉम० (ऑनर्स) के सम सेमेस्टर की कक्षाएं दिनांक 03.04.2023 से आरम्भ हो चुकी हैं। अतः महाविद्यालय के उपरोक्त संकायों / विभागों के छात्र अपनी पूर्व निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार कक्षाओं में उपस्थित हों। प्राचार्या ने यह भी अवगत कराया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अतः ऐसे छात्र जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी वे अपने सम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किये जा सकते हैं। अतएव छात्र कक्षाओं में अनिवार्य रूप में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## विधायक श्याम प्रकाश ने मुख्यमंत्री से भेंट कर पिहानी को तहसील बनाए जाने एवं रोडवेज बस स्टाप का किया अनुरोध

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विधायक श्याम प्रकाश ने पिहानी मे " तहसील" एवं "रोडवेज" बस स्टॉप बनाने हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से भेट कर अनुरोध किया। इस संबंध क्षेत्रीय विधायक श्याम प्रकाश ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने उनके अनुरोध को अत्यंत ध्यान से सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया। उन्होंने बताया कि जनहित मे पिहानी तहसील बने, वर्ष 2017 से यही मेरा प्रयास और सपना है। उन्होंने पिहानी कस्बे को तहसील का दर्जा दिए जाने के लिए प्रयास करने वाले सभी साथी और सहयोग करने वाले जन प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। आपको बताते चलें इस संबंध में विधायक श्याम प्रकाश 1917 से ही प्रयासरत हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर कहा कि पिहानी को तहसील का दर्जा दिए जाने के संबंध में समस्त औपचारिकताएं लगभग पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री जनहित में उनके अनुरोध को स्वीकार कर यथाशीघ्र पिहानी को तहसील का दर्जा दिए जाने की औपचारिक घोषणा भी करेंगे। मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान विधायक के पुत्र रवि प्रकाश भी मौजूद रहे।

## मेहनत से जो अपना मुकाम बनाते हैं वही दुनिया में अलग पहचान बनाते हैं –विधायक श्याम प्रकाश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र–छात्राओं को रविवार को परीक्षा फल वितरित कर गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश रस्तोगी ने मुख्य अतिथि विधायक श्याम प्रकाश का स्वागत बुके भेंट करके किया। मंच का संचालन तनुजा शुक्ला ने किया। मेधावियों ने मेहनत से अपने लक्ष्य को पाने का संकल्प दोहराया। विधायक श्याम प्रकाश ने कहा कि ने कहा कि मेहनत से मेधावी अपनी अलग पहचान बनाते हैं। उनके लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है। मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि अपने मुकाम तक पहुंच जाए। कहाकि अखबार व किताबों में प्रमाणिकता के आधार पर बातें लिखी रहती है इनको जरूर पढेंं। विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा ने कहा कि मेधावी छात्र लक्ष्य बनाकर कार्य करें। माता–पिता के सपनों को साकार करें।मेहनत से ही छात्र मुकाम हासिल करें। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश रस्तोगी ने कहा कि छात्र–छात्राओं की सफलता में शिक्षक व अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। कहा कि नियमित पढ़ाई करना जरूरी है। हर विषय मन लगाकर पढ़ना चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों से जानकारी लेते रहना चाहिए। पढ़ाई में स्वास्थ्य शरीर का विशेष ध्यान रखें। आज का काम कल पर न टाले, टाइम टेबल बनाकर



पढ़ें। इस मौके पर बृजेश गुप्ता ,भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, प्रदीप अवस्थी, गिरीश बाजपेई ,अनुपम मिश्रा , पूर्व प्रधान बबलू धीरज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं क्लास नर्सरी के अंकित कुमार , एलकेजी मे मोहम्मद ताहा , यूकेजी अभिनव शर्मा, प्रथम में रैना सिंह ,द्वितीय में सुमैया सिंह , तृतीय क्लास मे दर्शना बाजपेई ,कक्षा चार में प्रियांशी, पांच में मानवीर सिंह ,क्लास 6 में मानवी सिंह, कक्षा 8 में दिव्यांश सिंह को विधायक ने प्रथम स्थान का परीक्षा फल व पुरस्कार दिया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं हसन अब्बास, इकरा खान, रौनक यादव ,अवया राज ,लक्ष्य वैश्य, गौरी शुक्ला, मोरिसा सिंह, वीर सिंह ,मोहम्मद फैशल,शिवानी अग्रवाल, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं आरूष रस्तोगी, वैष्णवी दीक्षित, पलक खान, तरुण गुप्ता, सुरती मल्होत्रा ,अंशिका रस्तोगी, सिद्धांत गुप्ता ,दिव्यांशी मिश्रा ,प्रशांत कुमार अग्रवाल ,कशिश सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

## रमजान–ईद को लेकर पुलिस सतर्क : आपसी सौहार्द एवं अमन चैन बनाए रखने की किया अपील

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रमजान–ईद को लेकर पुलिस सतर्क,आपसी सौहार्द ,अमन चैन बनाए रखने की अपील की।रविवार को कोतवाली में रमजान , ईद, अंबेडकर जयंती, हनुमान जयंती ,महावीर जयंती, परशुराम जयंती को लेकर पुलिस ने कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की।बैठक में इंस्पेक्टर बी एम त्रिपाठी ने शिया व सुन्नी समुदाय के मस्जिदों के पेश इमाम ,मौलाना व धर्म गुरुओं से कहा कि हिंदू मुस्लिम या किसी भी धर्म के लोगों का शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की। लेकिन हिंसा का सहारा लेना, कानून को अपने हाथ में लेना बिल्कुल अस्वीकार्य है। चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो कानून सबके लिए बराबर है । यदि कोई भी गुंडागर्दी ,सौहार्द अमन–चौन बिगाड़ने का काम करेगा तो पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी। इंस्पेक्टर बी एम त्रिपाठी ने मौजूद लोगों से कहा कि पुलिस विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ संदेशों, उकसाने, नफरत भरे भाषणों, वीडियो क्लिपिंग और झूठे बयानों पर कड़ी निगरानी रख रही है, जो भी हिंसा भड़काने का प्रयास करेगा पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी । ऐसे अपराधियों के



खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त कोतवाल पीपी सिंह, कस्बा इंचार्ज रजनी त्रिपाठी, संदीप कुमार, पवन सिंह ,हेड मुहर्रिर शिव बाबू ,ओमवीर , मोहित कुमार ,सौरभ कुमार, उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक अशोक कुमार ,उप निरीक्षक रामलाल समेत कई लोग कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बैठक में मौलाना फरमान अली , प्रधान संघ अध्यक्ष मेवाराम ,विमलेश तिवारी, भाजपा के आदर्श सिंह, प्रदीप अवस्थी,मानू, नागेंद्र सिंह, दीनदयाल वर्मा, शिक्षक ऋषि कुमार, अच्छन अली ,पम्मू आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद ने हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में निकाली श्रीराम नवमी शोभा यात्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विश्व हिन्दू परिषद की श्री रामनवमी शोभा यात्रा 02 अप्रैल को शाहाबाद नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई। जगह जगह विश्व हिंदू परिषद शोभायात्रा का मिठाई और फल खिलाकर फूल माला पहनाकर जोश के साथ स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, प्रांत प्रमुख विजेंद्र सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रांत उपाध्यक्ष हर्षवर्धन जी ने कहा हम उन विचारों के साथ है जो हमारे हिंदुत्व के विचारों के साथ हैं। हम इन सभी भाइयों का बहुत–बहुत स्वागत करते हैं और हमें आशा है ऐसे ही हमारे धर्म और हमारे भाइयों के साथ मिलकर चलेंगे। विश्व हिंदू परिषद कभी भी किसी धर्म का अपमान नहीं करता किंतु हमारे धर्म का भी सम्मान करना आवश्यक है। शोभायात्रा रामवाटिका मैदान चौक शाहाबाद से शुरु होकर सर्राफा बाजार, सदर बाजार, बड़ी बाजार, सिनेमा चौराहा, बस स्टैण्ड, महुआ टोला, सरदार गंज हो कर वापस राम वाटिका मैदान में जा कर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा को लेकर पूरा नगर गेरुआ रंग के ध्वजा से पट गया। विश्व हिंदू परिषद के श्यामजी गुप्ता ने कहा कि इस शोभा यात्रा को लेकर लोगों में बहुत उत्साह रहा।चारों तरफ गेरुआ झंडे लगाए



गए।विशेषकर युवाओं में इस शोभा यात्रा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। शोभायात्रा में अनुराग द्विवेदी अन्नू संस्थापक अध्यक्ष विश्व हिंदू संघ अवनीश द्विवेदी, अशोक कुमार गुप्ता, महेंद्र सिंह, रवि त्रिवेदी, सोमेंद्र सिंह कमलेश देवी, सुनील गुप्ता, नवनीत गुप्ता, अनिल लाहौरी, योगेंद्र गुप्ता, पुनीत कनौजिया, शिवम सिंह, अमित विश्वकर्मा, सोनपाल वर्मा, अमित विश्वकर्मा सनी गेहर शोभित श्रीवास्तव अंकुर सिंह मनीष कुमार, रीतेश श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ फूलचंद कनौजिया बने ग्राम विकास अधिकारी संघ के तीसरी बार अध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन होटल रिवरव्यू के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी आनंद प्रकाश त्रिपाठी एवं पर्यवेक्षण राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह एवं मंत्री देवेश कुमार यादव ने किया। अधिवेशन में जनपद के समस्त विकास खंडों से आये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने तीसरी बार सर्वसम्मति से डॉ फूलचंद कनौजिया को जिला अध्यक्ष,रामकृष्ण पाल को जिला मंत्री एवं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को प्रांतीय प्रतिनिधि हेतु निर्विरोध चयनित किया। जनपद कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राय, संजय श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष आजाद कुमार यादव, सुरेशचंद्र, इंद्रजीत पाल, संयुक्त मंत्री कृष्ण चंद यादव, उपाध्यक्ष महिला कृतिका मिश्रा,मीना रानी कोषाध्यक्ष विनोद सहाय श्रीवास्तव,सह कोषाध्यक्ष नंदकिशोर संगठन मंत्री विनोद सिंह,सुनील उपाध्याय,अजय रजक, संदीप यादव,मोहम्मद शाहिद,अमित सिंह सांस्कृतिक मंत्री पूजा सोनी प्रचार मंत्री अनूप दीक्षित,राजेंद्र यादव मीडिया प्रभारी अविनाश सिंह,राजेश चौधरी संप्रेक्षक राकेश रोशन एवं प्रवक्ता दीपक सिंह सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक आनंद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संयुक्त खंड विकास अधिकारी कौशांबी प्रदीप कुमार मौर्य ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुये विश्वास जताया कि नवीन कार्यकारिणी संवर्ग के हितों हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेगी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के गठित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकता में बल है निकट भविष्य में हम शासन एवं प्रशासन से कर्मचारी हित के विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष कर सफलता हासिल करेंगे। अधिवेशन में बालेश्वर मौर्य,बाबूलाल, दयाशंकर पटेल,अरुण शुक्ला,प्रदीप शंकर श्रीवास्तव,अरविंद यादव, जितेंद्र शाह,सत्येंद्र कुमार,कमलेश कुमार, अभिषेक यादव,रामलाल पाल,प्रमोद शर्मा,अजय मौर्या आदि विभिन्न विकास खंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी धर्मापुर संजय श्रीवास्तव ने किया।



## कायस्थ कल्याण समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कल्याण समिति के तत्वावधान में जनक कुमारी इंटर कॉलेज में कॉलेज की सहायक अध्यापिका श्रीमती आरती श्रीवास्तव कायस्थ कल्याण समिति की वरिष्ठ महिला संरक्षक के अवकाश ग्रहण करने के पश्चात उनके सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जनक कुमारी इंटर कॉलेज के प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि जनक कुमारी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ जंग बहादुर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कायस्थ कल्याण समिति अध्यक्ष दयाल सरन ने किया। कार्यक्रम में जनपद के तमाम वरिष्ठ चित्रांश बंधुओं उपस्थित रहे तथा सब ने अपने अपने तरीके से श्रीमती आरती श्रीवास्तव के प्रति अपना सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। सम्मान समारोह में कायस्थ समाज के अग्रणी नेता राकेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव ,राजेश श्रीवास्तव 'बच्चा भैया ' ,पंकज श्रीवास्तव हैप्पीकायस्थ कल्याण समिति के संस्थापक सदस्य प्रदीप अस्थाना सुनील अस्थाना, संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव डी ओ ,संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव 'पप्पू जी ,संरक्षक डॉ अशोक अस्थाना, कायस्थ कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष आलोक रंजन सिंहा ,वअनेक अन्य चित्रांश बंधुओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा की श्रीमती आरती श्रीवास्तव अवकाश ग्रहण करने के पश्चात भी इनका जो 28 वर्षों तक विद्यालय से संपन्न संबंध रहा है उसे आगे भी निभाने का प्रयास करेंगीऔर विद्यालय हित में अपने छात्रों को कुछ न कुछ अवश्य सीख देती रहेगी। प्रधानाचार्य डॉ जंग बहादुर सिंह ने बताया कि श्रीमती आरती श्रीवास्तव परिवार के सदस्य की तरह थीं उनके अवकाश ग्रहण करने से विद्यालय में उनके दिए गए योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उम्मीद है कि वह अपने अनुभव को विद्यालय के बच्चों को अवश्य साझा करती रहेंगी, क्योंकि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता वह अनवरत पठन–पाठन के प्रक्रिया में जुड़ा रहता है ।कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ रवि श्रीवास्तव ,संरक्षक डॉ अशोक अस्थाना ,उपाध्यक्ष ज्ञानचंद श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव ,सचिव गणतंत्र श्रीवास्तव, संगठन सचिव राजेश किशोर ,अमित खरे ,अमित अस्थाना, अजय श्रीवास्तव भालेंद्र श्रीवास्तव, गिरवर अस्थाना ,महिला अध्यक्ष डॉ मधुलिका अस्थाना, उपाध्यक्ष नूपुर श्रीवास्तव ,रोली श्रीवास्तव युवा शाखा के अध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव ,महामंत्री डॉ धनंजय श्रीवास्तव ,आलोक रंजन श्रीवास्तवऔर उनकी टीम के सभी पदाधिकारी तथा जनपद के तमाम कायस्थ समाज के अग्रणी नेता उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रदीप कुमार डी ओ ने किया, एवं सभी के प्रति आभार समिति के अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन कायस्थ कल्याण समिति के महासचिव विपनेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## ग्राहकों का विश्वास ही गहना कोठी परिवार की पूंजी –विनीत सेठ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 77 वर्षों से जनपद वासियों की आवश्यकताओं को पूर्ण कर रहा कोतवाली चौराहा हनुमान मंदिर के सामने एवं सद्भावना पुल रोड नखास स्थित पूर्वांच का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान्न गहना कोठी भगेलू राम रामजी सेठ द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ ग्राहकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के बीच भव्य मेगा लकी ड्रा के रूप में वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार को राजमहल में (राजा हवेली) में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन एवं फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ मोनू, विनीत सेठ, विशाल सेठ व पिपिन सेठ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसमें पहला पुरस्कार मारूती विटारा ब्रोजा विनोद सिंह सावित्री नर्सिंग होम तथा दूसरा पुरस्कार मारूती वैगनार केराकत निवासी श्रीमती वंदना सिंह को मिला। तीसरा पुरस्कार रॉयल इन्फील्ड बुलट मीरापुर जौनपुर निवासी मदनलाल यादव तथा चतुर्थ पुरस्कार में दो बाइक करन जायसवाल तथा शिवशंकर पाठक को तथा पांचवा पुरस्कार दो स्कूटी दीक्षा फतेहगंज जौनपुर तथा मनोज कुमार लाला बाजार को मिला। इसके अलावा छठें पुरस्कार में पांच वॉशिंग मशीन आशीष, नीलम सिंह, हैदर, वेद प्रकाश तथा डॉ.विवेक को मिला। इसके अलावा सातवां पचास मिक्सर ग्राइंडर व आठवां पुरस्कार पचास इंडक्शन चूल्हा लकी विजेताओं को वितरित किया गया। पुरस्कार पाने वाले ग्राहक खुशी से झूम उठे। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन ने कहा कि गहना कोठी प्रतिष्ठान्न ग्राहकों के प्रति वर्षों से विश्वनीयता का प्रतीक है। विश्वनीयता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है जिसके कारण लोग दूर दराज एवं अन्य जनपदों से आभूषणों की खरीदारी क रने के लिए आते हैं। प्रतिष्ठान्न की सबसे खासियत यह है कि ग्राहकों की



जरूरतों का ख्याल रखते हुए नये डिजायनों में आभूषणों का खास मेल रहता है। जो ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ मोनू ने कहा कि हमने अपनी फर्म की शुरूआत कोतवाली चौराहे के पुराने शोरूम से किया था। हम चारों भाई अपनी मेहनत और अपने कर्मचारियों के सहयोग व ग्राहकों के विश्वास पर यहां तक पहुंचे हैं। हमारे फर्म का एक एक कर्मचारी हमारे परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य है। अधिष्ठाता विनीत सेठ ने बताया कि अब तक ग्राहकों को प्रत्येक पांच हजार के आभूषण खरीदने पर फर्म द्वारा कूपन दिया जाता था लेकिन अब नई स्कीम 3 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है और अब प्रत्येक दस हजार की खरीद पर एक कूपन दिया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे प्रतिष्ठान्न में सोने के हॉल मार्क ज्वेलरी, रत्न व उपरत्न का विशाल संग्रह है। काफी लंबे समय से ग्राहकों को प्रतिष्ठान्न के प्रति विश्वास ही गहना कोठी परिवार की पूंजी है। फर्म के अधिष्ठाता विपिनि सेठ व हर्षित सेठ ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इस मौके पर आयुष सेठ, हार्दिक सेठ, उज्जवल सेठ, नीरज शाह, अजीत सेठ, ओम सेठ, वेदांत सेठ, हेमंत सेठ, अंशु सेठ, बालमुकद सेठ, सोनम विश्वकर्मा, पूजा मौर्या, हरिहरनाथ शुक्ला, श्वेता शुक्ला, रंजना विश्वकर्मा, संतोष मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नारी शक्तियों का हुआ सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के एक होटल में फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा एवं द्वारा नारी सशक्तिकरण गोष्टी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हाल ही में मिस और मिसेज यूपी क्वीन का खिताब जीतने वाली खुशबू प्रजापति और सोनल श्रीवास्तव का सम्मान समाजसेवी धर्मेंद्र जायसवाल के सौजन्य से हुआ उनके अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हुआ मुख्य अतिथि के रूप में नगर



मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने कहा समाज में जितना योगदान पुरुष का है उतना ही योगदान महिलाओं का भी है आज हर क्षेत्र में महिला बड़ी जिम्मेदारी से कार्य कर रही है जिसके लिए वह सम्मान की हकदार है विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू ईशान मिश्रा अमरावती ग्रुप रहे कार्यक्रम में राहुल चंद्र द्वारा अच्छे से गीतों की प्रस्तुति की गई सम्मान की श्रेणी में सरला महेश्वरी पूनम जायसवाल खुशबू जायसवाल अर्चना सिंह तस्नीम फातमा कमर हसनैन दीपू शिवानी चौरसिया उर्वशी सिंह डॉ राजेश चंद्रा आकांक्षा द्विवेदी प्रदीप सिंह रिंकू विवेक सिंह संतोष मिश्रा सुग्गू विकेश उपाध्याय विक्की रानू सिंह श्रीकांत महेश्वरी सोनी रघुवंशी राजेश कुमार के अलावा अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया आभार आयोजक मिनाज शेख ने किय संचालन आयोजक सलमान शेख ने किया इस अवसर पर रमेश बरनवाल डॉ मनोज वत्स संदीप पांडे दिलीप सिंह पप्पू माली सागर शान राहिल शेख हर्षवर्धन रघुवंशी नीरज शाह वंशिका सिंह ज्योति श्रीवास्तव अमित यादव रागिनी मौर्य राजकुमार सिंह मनीष चौरसिया इमरान इराकी अमित सिंह बंटी अनिल यादव संतोष दुबे डॉ प्रशांत द्विवेदी मीता गुप्ता मनीष मौर्य सारिक सत्यम आदि लोग उपस्थित रहे।

## शेख नूरुल हसन मेमोरियल सोसायटी द्वारा शिया जामा मस्जिद में रोजा अफतार का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर में शेख नूरुल हसन मेमोरियल सोसायटी द्वारा आयोजित रोजा अफतार में नमाजे मगरेबैन मौलाना आगा आबिद खां ने नमाज पढ़ाई और मोमेनीन ने रोजा अफतार किया इस मौके पर एक मजलिस का आयोजन भी किया गया जिसमें मोमेनीन को सम्बोधित करते हुए हुज्जतुल इस्लाम मौलाना आगा आबिद खां ने कहा रमजानुल मुबारक मुसलमानों को बेहतरीन मौका पेश करता है कि वोह अपने आमाल को दुरुस्त कर लें वोह बदनसीब मुसलमान है जो रमजान उल मुबारक की नेमतों,बरकतों को हासिल न कर सकें इस महीने में एक रोजेदार का हर अमल जो अल्लाह की खुश्नुदी हासिल करने के लिए होता है वोह सवाब में बढ़ोतरी कर देता है। इसलिए हम सबको माहे रमजान में ज्यादा से ज्यादा कुरान की तिलावत करना चाहिए और नेक आमाल अन्जाम देना चाहिए मजलिस की समाप्ति पर मोमेनीन ने शिया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर के मुतवल्ली शेख अली मंजर ड़ेजी के दादा मरहूम शेख नुरूल हसन की मगफेरत के लिए सूर ए फातेहा पढ़ा। और रोजेदारों ने देश व कौम की तरक्की एवं खुशहाली के लिए दुआ की रोजा अफतार में आए हुए सभी लोगों का आयोजक शेख अली मंजर डेजी ने शुक्रिया अदा किया।



## स्वयं की आवाज'' पुस्तक को गिनीजबुक में विश्व रिकॉर्ड से नवाजा गया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : रमाबाई अंबेडकर पार्क में रविवार रात्रि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त अध्यात्मिक शिक्षक एवं शांति दूत एवं शांति शिक्षा कार्यक्रम के संस्थापक प्रेम रावत की पुस्तक स्वयं की आवाज का विमोचन किया गया। यह विमोचन कार्यक्रम गिनीज बुक के वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया विमोचन समारोह में लाखों लोग शामिल हुए ऐसा पहली बार हुआ जब किसी पुस्तक के विमोचन में इतनी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए




हो। बेहद शांतिपूर्ण वातावरण में हुए पुस्तक विमोचन में विश्व शांति दूत एवं स्वयं की आवाज पुस्तक के लेखक प्रेम रावत जी ने पुस्तक का तीसरा अध्याय भी पड़ा इस कार्यक्रम में मॉडरेटर की भूमिका सुप्रसिद्ध अभिनेत्री भाग्यश्री ने निभाई। मालूम हो कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 6786 लोगों की उपस्थिति का ही था जो लाखों लोगों की उपस्थिति के साथ प्रेम रावत जी ने अपने नाम कर लिया। स्वयं की आवाज पुस्तक के लेखक प्रेम रावत जी ने कहा हर कोई अपने जीवन में व्याप्त शोर को शांत कर हृदय में मौजूद शक्ति और अनोखी आवाज सुन सकता है जो उसके अंदर मौजूद शांति का स्रोत है उन्होंने इससे पहले इस पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण हियर योरसेल्फ नामक पुस्तक भी लिखी है जो अमेरिका में रिलीज होते ही न्यूयॉर्क टाइम्स बेस्टसेलर की श्रेणी में आ गई थी। स्वयं की आवाज पुस्तक पाठकों को आत्मज्ञान और शांति के बारे में प्रेरित करती है इस किताब में कहानियों और दुनिया भर में की गई अपनी यात्राओं के अनुभव को प्रेम रावत जी ने बेहद दिलचस्प तरीके से संजोया है। लाखों लोगों के बावजूद अनुशासन और शांति रही सराहनीय फिल्म अदाकारा भाग्यश्री ने स्वयं की आवाज के लेखक प्रेम रावत जी से सवाल पूछे जिसका श्री प्रेम रावत जी ने बेबाक ढंग से जवाब दिया खचाखच भरे मैदान में गजब की शांति दिखाई पड़ रही थी अनुशासन के मामले में अब तक का यह कार्यक्रम रहा हर आने जाने वाला व्यक्ति कह रहा था कि इस तरह की रैली शांतिपूर्ण ढंग से मैंने कभी नहीं देखी फिलहाल एक पुस्तक के विमोचन में हुई ऐतिहासिक भीड़ की चर्चा हर जुबां पर दिखाई पड़ी।

# अखिलेश यादव दो मुंह वाला नेता है –ओमप्रकाश राजभर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने जौनपुर के सितमसराय में पत्रकारों से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दो मुंहवाला वाला नेता करार दिया है। यहीं नहीं उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य को कहा ये पार्टी को आगे नहीं ले जा पाएगी।समाजवादी पार्टी की हालत है उसमें दो धड़ है। एक धड़ चाहता है समाजवादी चुनाव जीते है। जबकि दूसरा धड़ बीजेपी को जिताने के लिए और समाजवादी पार्टी को हराने में जुटा हुआ है।अखिलेश यादव अपरिपक्व नेता है। इसलिए हमसे उनकी नहीं बनती है। समाजवादी पार्टी के नेता सिंबल हमारा लेकर चलता है नेता सपा का है। 2024 में कौन प्रधानमंत्री बनेगा इसमें कहा कि अभी कोई लड़ाई नहीं है। राहुल गांधी के सवाल पर प्रकाश राजभर ने चुप्पी साध लिया। जबकि अखिलेश यादव को लेकर खुलकर बयान दिए। आगामी निकाय चुनाव पर उन्होंने कहा कि सुहेलदेव पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है फिलहाल भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा यह उनके लिए कोई फिट नेता नहीं बैठता है यह कहना है ओमप्रकाश राजभर का।जौनपुर के सितम सराय में आयोजित पार्टी द्वारा एक रैली को संबोधित करने से पूर्व ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों से बातचीत किया।उत्तर प्रदेश के उद्योगपतियों और किसानों को लेकर भी उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार बड़े उद्योगपतियों को डिफाल्टर दिखाकर उनके कर्ज माफ कर रही है उसी प्रकार गरीब किसानों और घरेलू बिजली का उपयोग करने वाले छोटे लोगों का भी बिल माफ करना। अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान की इस समय पुलिस की आय दुगनी हो गई है इस पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश के सरकार क्या कमी थी उस समय पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर शिवपाल यादव उनका भी बयान था कि उतना नमक खाई है कि जितने में काम चल जाए भ्रष्टाचार 140 करोड़ की आबादी है जिसमें से 135 करोड़ लोगों के ब्लड में भ्रष्टाचार है जब तक



इसे रिफाइंड करने के लिए मशीन नहीं आएगी तब तक इसको कोई रोक नहीं सकता है।अतीक और मुख्तार पर हो रही कार्रवाई पर अखिलेश यादव ने कहा कि लिस्ट बनाकर कार्रवाई हो इस पर ओमप्रकाश राजभर ने कि उन्होंने अपनी सरकार में लिस्ट क्यों नहीं बनाया वह भी 5 साल मुख्यमंत्री रहे। आज भीख क्यों मांग रहे हैं जब मालिक थे तो उन्हें करना चाहिए था लोकसभा का चुनाव आएगा तब विचार किया जाएगा कौन सा गठबंधन है अभी लोग इधर–उधर हाथ–पांव मार रहे हैं हम अपनी पार्टी के 6 विधायक हैं 6 विधायक दल के नेता हैं हम जब मंत्रियों से नहीं मिलेंगे तो समाज की समस्या का समाधान कैसे करेंगे । अखिलेश यादव हाईकोर्ट गए थे निकाय चुनाव के लिए हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट से आदेश आया है। अब अखिलेश कह रहे हैं बूथ स्तर पर संगठन बनाएंगे 10 दिन बाद अधिसूचना जारी हो जाएगी तो वह कहां जाएंगे सड़क पर बनाएंगे की टीवी में बनाएंगे कैसे चुनाव लड़ेंगे किस के बल पर चुनाव लड़ेंगे हम लोग 20 सालों से गांव–गांव पूछो तो घूम रहे हैं हमें अभी उसमें 80 पर्सेंट की सफलता नहीं मिली है और यह 10 दिन में पूरे प्रदेश का संगठन बनाकर चुनाव लड़ जायेंगे मुसलमान भी समझ गया है कि यह डलवा के हमको वोट ले रहे हैं यह है मुसलमान यह सपा को वोट देते हैं चार बार सपा की सरकार में कितना विकास हुई की आजादी के बाद मुसलमान नौकरी में 34 पर्सेंट बचा है इन लोगों ने इतना विकास किया कि इस समय मात्र एक परसेंट भी नहीं मुसलमान नौकरी में है ऐसे में क्या मुसलमानों का साथ देंगे जब वह मुसलमानों के नहीं हुए तो हम लोगों क्या होंगे और राहुल गांधी के मामले पर उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी गतिविधि में उनके खिलाफ मुकदमा होना चाहिए सब लोगों ने शपथ लिया है संविधान में सभी धर्मों के लिए धर्मनिरपेक्षता की बात किया गया है सभी को अपने हिसाब से पूजा–पाठ रहने का अधिकार है जिसकी सरकार दिल्ली में रहती है ईडी सीबीआई उसके जेब में रहते हैं वह जो चाहे वह करवाते हैं।

# व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में भ्रमण करते हुए व्यापारी स्वाभिमान यात्रा आज जौनपुर नगर में प्रवेश किया जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन के साथ नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल और जिले नगर युवा की पूरी टीम पॉलिटेक्निक चौराहे पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के साथ–साथ प्रदेश से आए हुए सभी पदाधिकारियों को माला फूल गाजे–बाजे व्यापार मंडल की पगड़ी साथ में भगवान हनुमान का प्रसाद स्वरूप पीतल का गदा नगर कमेटी जौनपुर के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा को भेंट किया गया, प्रदेश कमेटी के प्रदेश मंत्री कृपा सिंह प्रदेश युवा महामंत्री संत मिश्रा प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पांडे प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष अग्रहरि प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर के साथ–साथ अनेक प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया गया स्वागत करने के बाद स्वाभिमान यात्रा पॉलिटेक्निक चौराहे से ओलदगंज चहारसू चौराहा कोतवाली चौराहा गल्ला मंडी चौराहा अटाला मस्जिद सद्भावना पुल होते हुए जेसीज चौराहा पर होकर सिद्धार्थ उपवन में में जनसभा के रूप में परिवर्तित हो गया जगह जगह और चौराहे हर रोड पर व्यापारियों ने कुल 125 गेट लगाकर प्रदेश के पदाधिकारियों को का स्वागत अभिनंदन किया और कुछ जगहों पर स्टाल लगाकर नाश्ते पानी और शरबत के साथ स्वागत और अभिनंदन किया गया प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा पूरे



प्रदेश में जौनपुर जैसा स्वागत कम देखने को मिला स्वागत करने वालों में रामकुमार साहू अनिल मद्धेशिया मुन्ना लाल अग्रहरी मनोज साहू राकेश जायसवाल संतोष अग्रहरी घनश्याम जायसवाल हफिज शाह बंटी अग्रहरि सतीश गुप्ता विकास अग्रहरी अरविंद जायसवाल अनिल वर्मा दीपक जायसवाल अमर जौहरी बनवारी लाल साहू विवेक सेठ रमेश बरनवाल संदीप वर्मा विमल सेठ योगेंद्र साहू अरुण कपूर विनीत सेठ महेश जायसवाल संदीप पांडे यशवंत साहू डीके अग्रहरी मनोज तिवारी तीर्थराज गुप्ता टंडन सौरव यादव रंजीत सिंह विजय जायसवाल पवन साहू अनूप जायसवाल शरद साहू संजय अग्रहरि रवि श्रीवास्तव संदीप राजीव श्रीवास्तव आदि व्यापारी पदाधिकारी उपस्थित रहे !

# चोरी की योजना बनाते दो शातिर चोर गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना अंतर्गत पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए 02 शातिर चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 मो0सा0, 01 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस, 1800 रूपया, 02 मोबाईल, 14 पीतल के घंटे व अन्य सामान बरामद किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डा. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी के पर्यवेक्षण में बदलापुर की संयुक्त टीम द्वारा 02 शातिर चोर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना बदलापुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रात्रिगस्त के दौरान मुखबिर द्वारा मिली सूचना पर शातिर वांक्षित चोर जिन्होने लेदुका मन्दिर में की गई चोरी व अन्य स्थानो पर चोरी की घटना को अंजाम देते रहते है, आज फिर एक बड़ी घटना को अजांम देने की फिराक मे है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सर्वोदय महिला महिला महाविधालय ग्राम मोलनापुर के पास उक्त चोरो के आने का इन्तजार करने लगे तभी वहां से तेज रफ्तार में एक बाइक आते दिखाई दिया। पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर चोरो द्वारा भागने का प्रयास किया गया पुलिस बल ने उक्त चोरो को दौड़ाकर पकड लिया गया। जिसे गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1– अनिल कुमार पुत्र बसन्तलाल नि0 ग्राम गद्दोपुर थाना महाराजगंज जौनपुर। 2– विजय कुमार पुत्र रमाशंकर ग्राम इब्राहिमपुर थाना महाराजगंज जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1– अनिल कुमार पुत्र बसन्तलाल नि0 ग्राम गद्दोपुर थाना बदलापुर जौनपुर 1–मु0अ0सं0–0083/23 धारा 380 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–0084/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर, जौनपुर। 2– विजय कुमार पुत्र रमाशंकर नि0 ग्राम इब्राहिमपुर थाना महाराजगंज जौनपुर 1–मु0अ0सं0–83/23 धारा 380 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। बरामदगी– 1.एक तमंचा .315 बोर। 2. 02 जिंदा कारतूस .315 बोर। 3. 02 पर्स, 02 मोबाईल,एक टूटी चिलम गांजा पीने वाली, नगद 1800/– रूपये, 14 पीतल का घंट । 4. 01 मोटर साईकिल स्पेलेण्डर UP 62 BV 5313।

# अयोध्या वासी ऋषि सिंह ने जीता इंडियन आइडल का खिताब ट्राफि साथ मिले लाखों रुपये और एक कार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।बीती रात यानी 2 अप्रैल 2023 की रात अयोध्या वासियों की रात रही । सोनी चौनल पर प्रसारित होने वाले शो 'इंडियन आइडल 13' का निर्णायक सो था। निर्णायक की रेस में 6 आइडल आए थे जिसमें ऋषि सिंह, शिवम सिंह, बिदिप्ता चक्रवर्ती, चिराग कोतवाल, देबोस्मिता रॉय और सोनाक्षिकर थे। शो में कई धमाकेदार शुरुआत हुई और कई सुपरस्टार ने इसकी शोभा बढ़ाई। शो के जज सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुईस थे। हास्य कलाकार भारती सिंह ने अपने मजेदार अंदाज से पूरी महफिल मन मोह लिया। आपको बताते चलें कि जब आखिर में विनर अनाउंस किया गया,तो सभी के धड़कन मानो रुक गए हो सबकी निगाहें थम सी गई हो , एक खामोशी के बाद जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी से ऋषि सिंह का नाम बताया गया तो उस छड़ के बाद मानो ऋषि सिंह ही नहीं, उनके अपनो के साथ ही साथ पूरा प्रदेश खुशी से झूम उठा। इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी हुए अयोध्या वासी ऋषि सिंह के मुरीद। आपको बताते चलें कि अब ऋषि सिंह की आवाज के दीवाने इंडियन क्रिकेट टीम के स्टार विराट कोहली भी हैं। विराट के अलावा बॉलिवुड का स्टार ऐक्ट्रेस मादुरी दीक्षित भी उनकी गायकी की दीवानी हैं। माधुरी ने तो ऋषि के गाए गानों की रिंगटोन तक लगा रखी है। वहीं ऐक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने भी उनकी जमकर तारीफ की है। ये सारी जानकारी इंडियन आइडल के एक ऐपिसोड में दो कंटेस्टेंट की कॉम्बो परफॉर्मेंस चल रही थी। तभी शो के होस्ट आदित्य नारायण ने सबको चौंकाने वाली ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विराट कोहली ने ऋषि को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और मैसेज कर ऋषि सिंह की बेहतरीन गायकी की तारीफ भी की। गौरतलब है कि इंस्टाग्राम में विराट कोहली के 215 मिलियन फलोअर्स हैं। जबकि वह सिर्फ 255 लोगों को फॉलो करते हैं। अब उनमें से एक हैं ऋषि सिंह। इंडियन आइडल 13' के विनर बने अयोध्या वासी ऋषि सिंह सिंगिंग शो में आने से पहले वह मंदिरों और गुरुद्वारों में गाया करते थे। विनर बनने के बाद ऋषि ने एक स्टेटमेंट जारी कर कहा,"मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा है कि मैंने ट्रॉफी जीत ली है। यह सपना सच होने जैसा है." बताते चलें शो के दौरान ऋषि सिंह ने इंडियन आइडल के सेट पर परफॉर्म करने के बाद अपनी जिंदगी से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया था। ऋषि ने बताया था कि, वो अपने माता–पिता के सगे बेटे नहीं हैं। इंडियन आइडल के थिएटर राउंड के बाद घर पहुंचने पर ऋषि सिंह को पता चला था कि, उनके माता पिता ने उन्हें गोंद लिया है। भावुक हुए ऋषि सिंह ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि, "मैं अपने मां–बाप का खून नहीं हूं। लेकिन अगर मैं इनके साथ नहीं होता, तो शायद आज मैं इस मंच पर भी नहीं पहुंच पाता। मैंने जिंदगी में जितनी गलती की है। मैं मम्मी–पापा से उन सभी गलतियों की माफी मांगना चाहता हूं। मुझे भगवान मिल गए। वरना आज मैं कहीं सड़ रहा होता। मैं कहां होता मुझे नहीं पता। लेकिन अगर मैं इनके साथ नहीं होता तो इस स्टेज तक कभी नहीं पहुंच पाता।"ऋषि सिंह इंडियन आइडल के मंच पर ही इस बात का खुलासा कर चुके हैं कि वह अपने पैरेंट्स की सगी संतान नहीं है। पिता राजेंद्र सिंह और मां अंजली सिंह ने उन्हें तब ही गोद ले लिया था,जब वह महज एक दिन के थे। दरअसल, ऋषि की असली मां ने उन्हें जन्म होते ही छोड़ दिया था ।

# भगवान परशुराम जयंती की तैयारी बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद तथा परशुराम कल्याण परिषद सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 22 अप्रैल 2023 को भगवान परशुराम की जयंती के आयोजन हेतु एक बैठक रामजानकी मंदिर भरतकुंड मे आयोजित की गयी। बैठकध की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी पूज्य राम नारायन दास जी द्वारा की गयी । विशिष्ट अतिथि के रुप में पंडित रमाकांत द्विवेदी उपस्थित रहे। बैठक का शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र को माल्यार्पण व धूप दीप व मंत्रोच्चार पूजन से किया गया ।इस अवसर पर आचार्य सच्चिदानन्द मिश्र को माल्यार्पण व भगवान परशुराम का चित्र तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । ब्लाक बीकापुर के अध्यक्ष मानस तिवारी ने बैठक के एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए भदोही में ब्राह्मण परिवार के किये गये उत्पीड़न पर चिंता जताई गई । जिस पर सभी ने संयुक्त रूप से निंदा प्रस्ताव पास किया । परशुराम जयंती के भव्य आयोजन का संकल्प व्यक्त करते हुए सभी से सहयोग की अपील की गई । मसौधा ब्लाक के अध्यक्ष पंडित रमाकांत पांडेय तथा संरक्षक आचार्य सच्चिदानन्द मिश्र ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया । परशुराम कल्याण परिषद के अध्यक्ष पंडित भोला शंकर शुक्ल ने आयोजन के स्वरुप की रुपरेखा प्रस्तुत की जिसका सभी ने समर्थन किया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी स्थानीय निकाय के चुनाव को देखते हुए प्रस्तावित आयोजन नगरक्षेत्र से बाहर बीकापुर ब्लाक के पौराणिक स्थल सीताकुंड पर आयोजित किया जाएगा । सभी ने अपने विचार रखते हुए आयोजन की विभिन्न व्यस्थाओं के संदर्भ में चर्चा की । पंडित सच्चिदानन्द मिश्र, पंडित विनय कुमार पांडेय, पंडित सत्यदेव मिश्र, पंडित प्रियब्रत चतुर्वेदी, पंडित अरुण कुमार तिवारी, पंडित पवन कुमार पांडेय(पत्रकार), पंडित राकेश पाठक पंडित ,आशीष पांडे आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए । इस अवसर पर पंडित मनीष पांडे, पंडित रमेश उपाध्याय, पंडित विनीत मिश्र, पंडित शिवम् दूबे आचार्य राकेश पाण्डेय, पंडित दान बहादुर मिश्र, पंडित ओम प्रकाश पांडेय, पंडित महेश चंद्र घतिवारी, पंडित कुलदीप मिश्रा, पंडित भोला तिवारी, पंडित उदय भान पांडेय, पंडित बजरंग उपाध्याय, पंडित पवन पांडेय ( एडवोकेट) पंडित अरस दुबे, पंडित शिव राम पांडेय आदि उपस्थित रहे।अंत मे अध्यक्षीय सम्बोधन तथा थन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में महिला समेत आधा दर्जन घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र में अलीगढ़ पुलिस चौकी के बड़ा रमना मोहल्ले में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी–डंडे व ईट पत्थर चलें। जिसमें जहां एक पक्ष की ओर से घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया







है।वही खबर लिखे जाने तक दूसरे पक्ष की ओर से घायल लोगों की भी कोतवाली परिसर में लिखा पढ़ी चल रही थी।मालूम हो कि सोमवार की शाम कोतवाली नगर क्षेत्र के अलीगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़ा रमना में दोनों पक्षों के बीच यह विवाद उत्पन्न हुआ।मालूम हो कि यह विवाद आज से नहीं बल्कि इससे पहले दो से तीन बार यह विवाद उत्पन्न हो चुका था।उस समय पूर्व में सीओ सिटी रहे निपुण अग्रवाल तथा उनके बाद सीओ सिटी रहे पलाश बंसल भी इस विवाद को सुलझाने की कोशिश किया था।परंतु आज तक यह विवाद नहीं सुलझ पाया।सोमवार की शाम इस विवाद में आधा दर्जन लोग दोनों पक्ष की ओर से घायल हो गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पांडे ने बताया कि वे घटना स्थल पर जा रहे हैं और इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# 26,786 हज आवेदकों का किया गया चयन : चयनित हज आवेदक 07 अप्रैल तक प्रथम किश्त करें जमा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हज सत्र–2023 हेतु 26,786 हज आवेदकों का चयन हो गया है। सभी आवेदकों को उनके चयन की सूचना कवर हेड के रजिस्टर्ड मोबाइल पर एस0एम0एस0 के माध्यम से हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है। सभी चयनित हज आवेदकों को हज खर्च हेतु प्रथम किश्त के रुप में रु0 81,800/–(रु0 इक्यासी हजार आठ सौ) की धनराशि 07 अप्रैल, 2023 तक हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के स्टेट बैंक व यूनियन बैंक में संचालित खाते के माध्यम से पे–इन–स्लिप हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in से डाउनलोड किये जाने उपरान्त स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की किसी भी शाखा पर कोर बैंकिंग के माध्यम से, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की किसी भी शाखा के चेक द्वारा उसी बैंक में जमा की जा सकती है। हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई की वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध है। आनलाइन भुगतान/उक्त माध्यमों से भुगतान करने हेतु आवश्यक होगा कि बैंक पे–इन–स्लिप पर हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा आवंटित बैंक रिफरेंस नम्बर अवश्य डाल दें अन्यथा आवेदनकर्ता की धनराशि दूसरे के खाते में चली जायेगी, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदनकर्ता का होगा। आनलाइन आवेदन फार्म की हार्डकापी घोषणा पत्र सहित, मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट जिसके पीछे पासपोर्ट साइज का एक फोटो चस्पा कर अपना कवर नम्बर अंकित करने उपरान्त, मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट के साथ सचिव, उ0प्र0 राज्य हज समिति, 10–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ के कार्यालय को दस्ती/डाक द्वारा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। समस्त चयनित यात्रियों को जिला स्तर पर मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सार्टिफिकेट उपलब्ध कराये जाने हेतु सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारी/जिलाधिकारी को निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। चयनित यात्री मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जिलें में निर्धारित किये गये चिकित्सा कैम्प पर उपस्थित होकर जॉंच उपरान्त मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट प्राप्त कर लें।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली क्षेत्र के शुजागंज बाजार निवासी साक्षी सोनी (24) पत्नी संदीप सोनी का शव शुक्रवार देर शाम कमरे के हुक से रस्सी के सहारे लटका पाया गया। काफी देर तक साक्षी के बाहर न निकलने पर ससुरालवालों ने आवाज जगाई। अंदर से बंद कमरे का दरवाजा तोड़ने पर साक्षी का शव रस्सी के सहारे लटका मिला। सुल्तानपुर के मुसाफिरखाना इलाके की रहने वाली साक्षी की शादी दो वर्ष पूर्व संदीप से हुई थी। उसका एक वर्ष का बच्चा भी है। पति संदीप सोनी लखनऊ के होटल में वेटर का काम करते हैं। सूचना पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की। चौकी प्रभारी विनय यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# स्कूल चलो अभियान– 2023 का डीएम ने किया शुभारम्भ

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। कम्पोजिट विद्यालय डाभासेमर से जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान–2023 का सांसद लल्लू सिंह, विधायक डा. अमित सिंह चौहान व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं उपस्थित बच्चों व अध्यापक गणों द्वारा मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ से स्कूल चलो अभियान 2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को देखा तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन एवं उनके संदेशों को सुना। इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न जान कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु अभियान रूप में कार्य किया जा रहा है, आम आदमी के बच्चों को अच्छी शिक्षा बिना किसी आर्थिक कठिनाई के सुनिश्चित हो इसी भाव से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक अमित सिंह चौहान ने राज्य सरकार द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अध्यापकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है बेसिक शिक्षा के शिक्षकों का इसमें विशिष्ट महत्त्व है किसी भी बच्चे के विकास की शुरुआत प्राथमिक शिक्षा से ही होता है। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों से अपनी योग्यता का शत प्रतिशत प्रयोग कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक सत्र का यह पहला दिन एक नई शुरुआत है। हमें कैसे आगे बढ़ना है इसके लिए इस शैक्षिक सत्र के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए तथा आज की तिथि तक की कमियों को पहचान कर उसे दूर करके शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने का एक रोड मैप तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि हर बच्चे का बेसलाइन सर्वे करके उन्हें उनकी शैक्षिक स्तर के अनूरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए निपुण भारत के सभी लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास का सर्वोत्तम साधन अपनी कमियों को पहचान कर उसको दूर करना है यदि शिक्षण में बच्चे के रुचि होगी तो कोई भी बच्चा ड्रॉप आउट नहीं होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की अलग–अलग क्षमताएं होती हैं तथा उनकी अलग–अलग क्षेत्र में रुचि होती है बच्चों को उनके रूचि एवं क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाए। उन्होंने समस्त अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक अध्यापक अपने–अपने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें तथा प्रत्येक विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाने का प्रण लें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा अध्यापकों को प्रेरित करते हुए कहा की शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सफलता का मूल मंत्र सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हर अध्यापक को निरंतर सीखना चाहिए ज्ञान को ग्रहण करने की कोई सीमा निर्धारित नहीं होनी चाहिए। आप योग शिक्षक हैं ऐसे हैं आपके बच्चों को भी योग्य होना चाहिए अतः सभी बच्चों को रुचिकर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें तथा प्रत्येक बच्चे को वास्तविक रूप से निपुण बनाएं यह भाव सभी अध्यापकों का प्रत्येक बच्चे के प्रति होना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह वह महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने भी शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के के सिंह ने कहा कि किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी से महत्वपूर्ण कार्य शिक्षकों का है। स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के कार्यक्रम के अवसर पर सांसद लल्लू सिंह, विधायक डा. अमित सिंह, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के के सिंह द्वारा बेसिक शिक्षा के बच्चों को नई पाठ्य पुस्तकें भी प्रदान की गई इस अवसर पर निपुण भारत के मानक के अनुरूप निपुण एवं मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से गणित के सवाल लगवाए, पहाड़ा एवं कविताएं सुनी तथा बच्चों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 15 अप्रैल तक सभी बच्चों का बेसलाइन सर्वे निर्धारित प्रारूप पर रजिस्टर इंगित कर लिया जाएगा। कक्षा 1 में प्रवेश ले रहे हैं सभी बच्चों को शैक्षिक सत्र 2023 24 मई पूर्ण रूप से निपुण बनाने के लक्ष्य एवं प्रण के साथ कार्य करें इस हेतु सभी अध्यापक बच्चों के अभिभावकों से भी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय एवं हमारे बच्चे ही हमारी पहचान हैं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र की पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं जिनका वितरण विद्यालयों में शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा इसी के साथ ही उन्होंने बताया कि डीबीटी का कार्य निर्धारित समय के अंतर्गत पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर उक्त गणमान्य लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में अध्यापक गण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के शिक्षकों को मिली नई जिम्मेदारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के आदेश के अनुपालन में परिसर के शिक्षकों को नई जिम्मेदारी मिली। गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. चयन कुमार मिश्र को परिसर के बीएससी पाठ्ययक्रम का समन्वयक नियुक्त किया गया। वहीं प्रो. तुहिना वर्मा, सूक्ष्मजीव विज्ञान को विश्वविद्यालय आई.क्यू.ए.सी प्रकोष्ठ का निदेशक तथा डॉ. प्रद्युम्न कुमार द्विवेदी सह–आचार्य गणित एवं सांख्यिकी को प्रकोष्ठ का समन्वयक बनाया गया। दूसरी ओर कुलपति प्रो0 गोयल के निर्देश पर पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को विश्वविद्यालय के महामना मदनमोहन मालवीय केन्द्रीय पुस्तकालय का प्रभारी बनाया गया। इसके अतिरिक्त प्रो0 शुक्ला को बी0लिब व एम.लिब पाठ्यक्रम का समन्वयक बनाया गया। वहीं अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विभाग के प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव को सत्र–2023–24 परिसर के स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विधि, बीपीएड, एमएड में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए समन्वयक नियुक्त किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा नये दायित्व पाने के बाद कुलपति प्रो0 गोयल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। शिक्षकों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

## राहुल गांधी द्वारा संसद में पूछे गये सवाल का जवाब न मिलने के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा विगत दिनों लोक सभा की कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर न मिलने पर ब्लाक अध्यक्ष परमानन्द शुक्ला के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी की अनुपस्थित में ए डी ओ आई एस बी श्रीकान्त कृष्ण को दिया। ज्ञापन में देश के प्रधानमंत्री एवं उद्योगपति गौतम अदानी के मध्य क्या रिश्ता और कब से है।गौतम अदानी के व्यापार में विदेश से आया बीस हजार करोड़ रुपये किसके हैं।प्रधानमंत्री सरकारी विदेश यात्राओं में कितनी बार अदानी को अपने साथ ले गये।अदानी कम्पनी को प्रधानमंत्री ने किन किन देशों से ठेके दिलवाये।सी पी एफ ओ से अडानी कम्पनी के शेयर खरीद कर कर्मचारियों के भविष्य को अन्धकार में धकेलने के क्या कारण हैं।कार्यकर्ताओं द्वारा इन्ही मांगों को लेकर नारेबाजी की जा रही थी।ए डी ओ आई एस बी ने ए पी ओ राकेश गुप्ता ब्लाक कोआरडीनेटर सोशल आडिट खालिद खां को लेकर पहुंचे और कांग्रेसियों से ज्ञापन लिया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के जरिये देश हित में उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर महामहिम राष्ट्रपति से दिलाने की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुनीर अहमद खां,ग्राम प्रधान हिमांशु निषाद,वीरबहादुर पाण्डेय,पतीराम यादव,चंद्रकुमार कौशल,राम कृष्ण शुक्ला,मुजफ्फर हसन,कपिल शुक्ला,पूर्व प्रधान हरिकेश मौर्या,सद्दाम हुसैन,गया प्रसाद,आदि लोग शामिल थे।

## विद्यालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग से ग्रामीणों में आक्रोश

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। रुदौली शिक्षा क्षेत्र में कार्यदाई संस्था आरईएस द्वारा बनवाया जा रहा राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में घटिया सामग्री से कराया जा रहा है।निर्माण कार्य में लगने वाले ईट अत्यंत घटिया किस्म के हैं व मसाला भी मानक के विपरीत प्रयोग किया जा रहा है। रुदौली ब्लाक के ग्राम पंचायत गौहन्ना में सरकार द्वारा बच्चों का उज्ज्वल भविष्य संवारने के लिए हाई स्कूल विद्यालय का अनुमोदन किया है।विद्यालय निर्माण कार्य को कार्यदायी संस्था ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अयोध्या(आरईएस)द्वारा कराया जा रहा है जो विद्यालय भवन में मानक के विपरीत ईट व मसाले का प्रयोग कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मेरे गाँव मे बन रहे विद्यालय के दीवार निर्माण कार्य में दोयम दर्जे के ईट प्रयोग किया जा रहा है व मानक के विपरीत मसाला का भी प्रयोग किया जा रहा है जिससे भवन कमजोर होकर पहले ही खराब हो सकता है।घटिया निर्माण कार्य को देखने कोई अधिकारी भी नही आये जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस सम्बन्ध में रुदौली एसडीएम स्वप्निल यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी। जब इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया विद्यालय के भवन निर्माण में जो ईंट लग रही है इसकी जानकारी मुझे नहीं है अगर घटिया निर्माण हो रहा है तो दो कार्य दिवस के अंदर जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# महिलाओं की सुरक्षा व आत्मनिर्भरता में ही सम्पूर्ण समाज का विकास निहित –खाकी वाले गुरुजी रणजीत यादव

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से अयोध्या में संचालित संस्था "आरोही–एक उड़ान" की अध्यक्ष पल्लवी वर्मा अपनी टीम के साथ आज मलिन बस्ती जयसिंहपुर वार्ड में पहुँची। जहाँ खाकी वाले गुरुजी/सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव समाजसेवी ऋषभ के साथ अपना स्कूल में गरीब और असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा रोजाना की भांति खुले आसमान के नीचे दे रहे थे। आज अपना स्कूल में पढाई खत्म होने के पश्चात बस्ती की महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर वृहत चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित रूमा, नगमा, कमलेश, तराना, अन्नू, आँचल, केचा, महक, अंशी, शकीना, टिन्का ने गाना सुनाकर सबका मनोरंजन किया। इस अवसर पर संस्था की पदाधिकारी अमिता सिंह ने अपने बिचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चियों को अपनी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की ज्यादा आवश्यकता होती है। खाकी वाले गुरूजी रणजीत यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान और आत्मनिर्भरता में ही सम्पूर्ण समाज का विकास निहित है। संस्था की अध्यक्ष पल्लवी वर्मा




ने सभी अतिथियों को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। अच्छे गायन हेतु संस्था की तरफ से तराना, रूमा,केचा और महक को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित महिलाओं और बच्चियों को जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। स्टेशन अधीक्षक अयोध्या रेलवे स्टेशन राजीव रंजन, संस्था की पदाधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुनील अवस्थी,सतीश पाठक,संजीव वर्मा,पल्लवी वर्मा और शैश्वत श्रीवास्तव सैकड़ो महिला और बच्चियां उपस्थित रही।

## सिविल क्षेत्रों में सेना द्वारा सिविल क्षेत्रों के बंद किये गये मार्गो को खोलने की मांग

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। सेना द्वारा सदर बाजार व अन्य सिविल क्षेत्रों को जाने वाले मार्गो को बंद करने के विरोध में तथा उसे खोलने की मांग को लेकर छावनी परिषद में रहने वाले आम लोगो ने सांसद लल्लू सिंह को ज्ञापन सौंपा। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार सोनकर के नेतृत्व में लोगो ने सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात की तथा उन्हें प्रकरण के बारें में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व भाजपा कैंट मंडल अध्यक्ष राजकुमार सोनकर ने बताया कि सेना द्वारा सिविल क्षेत्रों के मार्गो को बंद किया गया है। जो गैरकानूनी है। इन मार्गो को खोला जाय। इसके साथ में स्थानीय लोगो के साथ हुई मारपीट की घटना में कारवाई किया जाय। उन्होने बताया कि प्रकरण में छावनी परिषद के अधिशाषी अधिकारी से वार्ता करने के उपरान्त सांसद लल्लू सिंह ने मामले में आश्वासन देते हुए कहा कि इस प्रकरण को रक्षामंत्री के समक्ष रखा जायेगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सभासद मोहम्मद अपील बब्लू, पूर्व सभासद शादाब आलम, पूर्व सभासद अमरजीत निषाद, नामित सदस्य राममिलन निषाद, शायम खान, राजू श्रीवास्तव, सतीश चौधरी, अपव देवी, कृष्णा देवी, सतीश कन्नौजिया, सूरज कुमार, योगेश यादव, मंजूल निषाद, धीरेन्द्र सिंह धीरज, सुभाष बख्शी, निक्कू यादव, बलराम यादव उपस्थित रहे।

# गुरुकुल अकेडमी मुरादाबाद तथा मां ज्वाला मॉडर्न पब्लिक स्कूल खिरौनी के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मां ज्वाला मॉडर्न पब्लिक स्कूल खिरौनी सोहावल अयोध्या के प्रांगण में आयोजित हो रहे कबड्डी प्रीमियर लीग 2023 का समापन राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप सिंह द्वारा किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 2 दर्जन से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें अनुज त्रिपाठी के सानिध्य में खेल रहे गुरुकुल अकेडमी मुरादाबाद की टीम विजई तथा निशांत श्रीवास्तव की कप्तानी में खेल रही मां ज्वाला मॉडर्न पब्लिक खिरौनी की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को ट्रॉफी तथा 5100 की नगद धनराशि और उपविजेता टीम को ट्रॉफी तथा 2500 की नगद धनराशि प्रदान की गईद्य इस अवसर पर डॉ अखिलेंद्र सिंह बिसेन, सत्रोहन गुप्ता रवि कुमार कोरी ,बंटी खान ,दीपू पांडे राम नरेश रावत, सत्यनाम सिंह के साथ–साथ विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक दीपक सिंह एडवोकेट प्रधानाचार्य दीपेंद्र प्रताप सिंह एवं संचालन समिति में आशुतोष सिंह आदर्श सिंह ,पंकज यादव तथा रैफरी के रूप में अंशुमान एवं तुषार श्रीवास्तव, महेंद्र श्रीवास्तव, विकास सिंह, सुनील सिंह ,अनुज सिंह, शुभ यादव आयुष सिंह, अभिषेक एवं अभय शुक्ला तथा मनजीत कुमार ने अहम भूमिका निभाई।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।